Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 09-05-2023 | अंक 563

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक से गिरकर महिला हुई घायल, रेफर



**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत मौगड़हा के नजदीक बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं घायल महिला की पहचान सिलवा देवी उम्र 40 वर्ष पति डगन ठाकुर बरसोत निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला बरकट्ठा में शादी समारोह में शामिल होकर वापस आ रही थी। स्थानीय लोगों के सहयोग से महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# मधुवा प्राथमिक विद्यालय के हेडमास्टर नौ निहलों के भविष्य संग कर रहे हैं खिलवाड़

## हेडमास्टर नहीं जानते हैं झारखण्ड के राज्यपाल,मुख्यमंत्री और देश के राष्ट्रपति का नाम

## जिले के उपायुक्त,डी एस ई और प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का भी नहीं पता है नाम ग्रामीणों ने वैसे शिक्षक पर कार्रवाई की कर रहे हैं मांग






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : कहा जाता है कि जब राजमिस्त्री को ज्ञान होता है कि भवन बनाने में कौन कौन सा मैटेरियल और कितना मात्रा में लगता है तभी भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होता है।ठीक वैसे ही कोई भी शिक्षक बच्चो के भविष्य रूपी ब्युल्डिंग बनाने वाले राजमिस्त्री होते हैं।तथा वे शिक्षक जिन्हें बच्चो को कैसे कैसे मैटेरियल की जरूरत हो ताकि बच्चे ज्यादा से ज्यादा और अच्छे ढंग से पढ़ाई कर सके।लेकिन शिक्षक को हो मैटेरियल का ज्ञान न हो तो वैसे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चो का भविष्य अंधकार में जाने के छोड़ कर उजाला उनके भविष्य में हो ही नहीं सकता है।और ऐसे ऐसे वर्तमान में कई शिक्षक हैं जिन्हें अल्फा बीटा का भी ज्ञान नहीं है।जिन्हें ये भी पत्ता नहीं है कि हम जहां पढा रहे हैं उस प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी कौन हैं,डी एस ई कौन हैं या उपायुक्त कौन हैं।जी हां मैं जो लिख रहा हूँ वैसे वैसे कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कई विद्यालय में पदस्थापित हैं।

क्या है मामला : कान्हाचट्टी प्रखण्ड के बेंगोकला पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मधुवा में पदस्थापित हैं हेडमास्टर रामदेव साव,रामदेव साव पहले तो बराबर स्कूल से गायब रहने की शिलायत होती रही है लेकिन जब स्कूल के छात्र छात्राओं से झारखण्ड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री का नाम पूछा गया तो कुछ बच्चे मुख्यमंत्री का नाम बताए और कुछ में नहीं बताया।जब बच्चो से जानक. ारी ली गई कि क्या गुरुजी स्कूल में मुख्यमंत्री,राज्यपाल या राष्ट्रपति का नाम नहीं बताते हैं तो बच्चो ने कहा गुरूजी ई सब नहीं बताते हैं।संयोग से हेडमास्टर साहब भी वहीं मौजूद थे तो गुरुजी से जब पूछा गया कि मास्टर साहब आपके विद्यालय के बच्चो का कहना है कि गुरुजी पढ़ाते नहीं है जरा झारखण्ड के राज्यपाल का नाम बता दीजिए तो हेडमास्टर रामदेव साव नहीं बता पाए,वहीं जब उन से देश की राष्ट्रपति का नाम पूछा गया तो उन्होंने रामनाथ कोविंद का नाम बताया।इसके बाद एक ग्रामीण ने मास्टर साहब से चतरा जिले के उपायुक्त का नाम पूछा तो उपायुक्त का नाम भी नहीं बता पाए।वहीं डी एस ई साहब का नाम भी ठीक से नहीं बताया वही प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का नाम भी गलत बताया।अब सवाल ये उठता है कि शिक्षा विभाग मे ऐसे ऐसे शिक्षक रहेंगे तो बच्चो का भविष्य उज्ववल न होकर उनके आगे अंधेरा ही रहेगा।

पहले भी ऊक्त शिक्षक के खिलाफ गोलबंद हुए थे ग्रामीण रू– एक माह पहले भी रामदेव साव प्राथमिक विद्यालय मधुवा के खिलाफ अखबार में मामला प्रकाश में आया था कि हेडमास्टर स्कूल से अक्सर गायब रहते हैं और पन्द्रह दिनों का हाजिरी एक बार मव बनाते हैं।अखबार में मामला आने के बाद डी एस ई ने जांच जरूर करवाया और जांच में मामला को सत्य पाया गया जांच टीम को ग्रामीणों ने भी कहा था कि हेडमा. स्टर हमारे गांव के बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है इसे यहां से हटा दिया जाए लेकिन जांच में सत्यता के बाद भी हेडमास्टर पर कोई कारवाई नहीं हुई जिससे शिक्षा विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश भी है।

APEM LIVE

# बरही चौक पर पूर्व विदेश व पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**अपेम लाइव : बरही**

हजारीबाग के पूर्व सांसद सह पूर्व विदेश एवं वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा चौपारण जाने के क्रम में बरही चौक पर कुछ समय के लिए रुके। सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव एवं मंडल अध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में भाजपाइयों ने यशवंत सिन्हा का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में सांसद जयंत सिन्हा के अनुमंडल प्रतिनिधि संजीव कटरियार, वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिका सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, डोमन पांडेय, हरी गुप्ता, नवल किशोर सिंह, लक्ष्मी सिंह, शंभू सिंह, पप्पू चंद्रवंशी, विजय सिंह, उमेश साव, अर्जुन सिंह आदि शामिल थे।

# परिवार नियोजन का सशक्त माध्यम है पुरुष नसबंदी (एनएसवी) : डॉ प्रकाश ज्ञानी


## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



परिवार नियोजन कार्यक्रम की जानकारी देते डॉ प्रकाश ज्ञानी

परिवार नियोजन कार्यक्रम को लेकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से युद्ध स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी के निर्देशन में एक और जहां वाहन में परिवार नियोजन कार्यक्रम से सुसज्जित होर्डिंग बैनर लगाकर गांव गांव में प्रच. ारित एवं प्रसारित किया जा रहा है। वहीं सहिया, एएनएम तथा स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित कर उन्हें परिवार नियोजन कार्यक्रम की महता की जानकारी देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लगाया गया है। परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने एवं अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम की जानकारी देने के उद्देश्य से मंगलवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में परिवार नियोजन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे अस्पताल में पहुंचे महिला पुरुष सहित सभी स्वास्थ्यकर्मियों को परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को जानक. ारी दी गई। परिवार नियोजन के विभिन्न माध्यमों की जानकारी देते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा की जिस गति से देश की जनसंख्या बढ़ रही है, यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाला समय में गंभीर जनसंख्या विस्फोट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा की परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत, गर्भ निरोधक गोली का प्रयोग कर, कॉपर टी लगाकर, महिला नसबंदी कराकर, एवं पुरुष नसबंदी कराकर जनसंख्या का नियंत्रण किया जा सकता है। कहा की दो बच्चों के बीच काम से कम तीन साल का अंतर होनी चाहिए। पुरुष नसबंदी यानी एनएससी की महत्व पर जोर देते हुए डॉ ज्ञानी ने कहा की पुरुष नसबंदी सबसे सरल एवं बिना चिर फाड़ से किया जाना वाला नसबंदी है। जिसमे पुरुष को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही होती है। न ही मर्दाना शक्ति में कमी आती है। अपनी पत्नी से प्रेम करने वाले पुरुषों को एनएससी करानी चाहिए। मौके पर एएनसी जांच के तहत गर्भवती महिलाओं की सभी तरह की जांच की गई। साथ ही उन्हे गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया गया। मौके पर डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अर्जुन सोरेन, डॉ मो एजाज हुसैन, डॉ मेराजुल इस्लाम, पंकज कुमार आजाद, बीपीएम नारायण राम, सुधांशु शेखर, नरेश कुमार, मो उस्मान, नागेंद्र कुमार, भेखराज पासवान, अनिता कुमारी, बिजेंद्र कुमार, महादेव राम, जावेद अख्तर सहित कई सहिया एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।




APEM LIVE

24 घंटे सेवा
HOTEL
आकाश पैलेस
AC/NON AC ROOMS & MARRIAGE HALL
सागर टेन्ट हाउस
9122662308
6299699176

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सतत मूल्यांकन भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है : ए के सिंह

### डीएवी पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन, कक्षा तृतीय से 12 वीं तक के बच्चों ने लिया हिस्सा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में बच्चो में छिपी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरा से छठा एवं सप्तम से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा तृतीय से छठा तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला का विषय था पर्यावरण एवं प्रकृति रखा गया था। इस विषय पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक चित्रकला बनाई। जिसका मूल्यांकन किया गया। जिसमे कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान अदया सिन्हा, द्वितीय स्थान वर्षा रानी, नायला और आदर्श कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ वर्ग में अविका शर्मा ,संस्कृति, आर्य नंदनी कुमारी, स्मृति राज ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम वर्ग में शिक्षा शौदिक , दीप्ति ,नंदनी कुमारी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कार्यक्रम लल्लन यादव की देखरेख में संपन्न हुआ। कक्षा नवम से द्वादश वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसका विषय था फोक आर्ट। कार्यक्रम की देखरेख लल्लन यादव के द्वारा की गई। सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सतत मूल्यांकन अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। जिसके बेहतर परिणाम मिलते ही हैं। सिर्फ जरूरत है इसे नियमित तौर पर करते हुए इसके बेहतर परिणाम हेतु प्रयत्नशील रहने का ।उन्होंने बताया कि डीएवी संस्था का यह सदैव प्रयास रहा है कि वह बच्चों के अंदर किताबी शिक्षा के साथ–साथ व्यवहा. रिक शिक्षा और खेलकूद पर भी विशेष बल दिया जाए ।ताकि उनका सही विकास हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ऋत्विक कंपनी के वाहन पर अपराधियों ने चलाई गोली मैनेजर की मौत,बॉडीगार्ड घायल

### एसपी बड़कागांव घटनास्थल पहुंचे स्थिति से अवगत हुए





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : हजारीबाग रोड रोड स्थित बड़कागांव हेठगढ़ा तालाब के समीप दिन मंगलवार को समय लगभग 12 बजे मास्क पहने अज्ञात अपराधियों ने चट्टी बारियातू कोल माइंस एनटीपीसी कंपनी के एमडीओ ऋत्विक कंपनी के स्कॉर्पियो पर दिनदहाड़े ताबड़तोड़ पांच राउंड फायरिंग कर दी। जिसमें स्कॉर्पियो के अगले सीट पर बैठे मैनेजर शरद बाबू की छाती में शीशा तोड़ते हुए गोली जा लगी गोली लगने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वही बॉडीगार्ड राजेंद्र प्रसाद को कमर में तीन गोली लगी है जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। उक्त घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है जिसका हजारीबाग में इलाज किया जा रहा है। वही ड्राइवर अरमेंद्र पांडे को बांह से कपड़े को छूता हुआ गोली निकल गई। स्कॉर्पियो हजारीबाग से केरेडारी कार्यालय जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया । इस दौरान पुलिस ने उप. स्थित स्कॉर्पियो के ड्राइवर एवं अन्य अधिकारियों से पूछ. ताछ की। हजारीबाग रोड स्थित पकरी बरवाडीह कोल माइन्स एनटीपीसी कार्यालय से लगभग 200 मीटर की दूरी पर घटना हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधियों की संख्या 3 बताई जा रही है मास्क पहने 3 अपराधी हथियार के साथ घात लगाए उन पर अचानक हमला कर दिया। इसी बीच बड़कागांव हेठगढ़ा के पास खराब सड़क के गड्ढे में गाड़ी की गति धीमी होने पर अपराधियों ने स्कार्पियो गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी । जिस दौरान अपराधियों ने लगभग 4 से 5 गोलियां चलाई। बता दें कि बड़कागांव प्रखंड में कोल कंपनी खुलने के बाद इसे लेकर पांचवी बार अपरा. धियों के द्वारा गोली फायरिंग हुई है ।जिसमें इसके पहले 2019 में बड़कागांव के थ्रिवेणी सैनिक मैं कार्यरत एजीएम गोपाल सिंह को हजारीबाग जुलू पार्क में, और 2021 में एलएनटी कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सत्येंद्र कुमार सिंह की पुंदरी मोड़ के पास गोली मारकर अपराधियों द्वारा हत्या कर दी गई थी । इसके अलावा थ्रिवेणी सैनिक लंगातू साइड कार्यालय के पास दो बार फायरिंग हुई है जिसमें उमेश साव एवं सिकंदर साव घायल हुए थे। घटनास्थल पर एसपी मनोज रतन चौथे, एएसपी कुमार सुभाशीष , कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी बिनोद तिर्की,डाड़ी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ,केरेडारी थाना प्रभारी एनएल तिर्की, एंव सशस्त्र बल मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया ।

## विन्द्र नाथ टैगोर को जयंती पर कविता गायन भाषण एवं पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन

### रविन्द्र नाथ टैगोर की पेंटिंग बनाकर श्रीदास स्कूल में बच्चो ने दी उन्हे श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में रवींद्र नाथ टैगोर जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर रवींद्रनाथ टैगोर जी के चित्र पर प्राचार्य, सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा उन्हें श्रद्धापूर्ण माल्यार्पण किया गया। टैगोर जी जयंती को यादगार बनाने के लिए इस अवसर पर कविता गायन, भाषण एवं पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनमें सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिन विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें – सानिया ,उपासना, तमन्ना ,आरसी, दीपा ,सृष्टि ,पलक , शिव. रानी , विद्यारानी ,शीतल ,शीतल कुमारी, प्रियांशु, सुनैना, प्रिया ,संजना ,वंदना ,माही, मानसी, दा. निश , वर्षा , विशाल, प्रणव, पवन ,पृथ्वी ,तनिष्क, सतीश ,सुधांशु, काजल, ऋषि, प्रसून ,लकी ,आशीष, आदि शामिल रहे। विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने टैगोर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने साहित्य के कई क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई। वह केवल संगीतकार, नाटक. कार, निबंधकार ही नहीं बल्कि साहित्य की कई विद्याओं में निपुण थे ।उन्होंने हमारे राष्ट्र को राष्ट्रगान की सौगात दी। साथ ही बांग्लादेश का राष्ट्रगान ॽ आमार सोनार बांग्लाॽ भी इन्हीं की कृति है रवीन्द्र नाथ टैगोर विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबल पुरस्कार विजेता थे। उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है ।बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा वे ही थे। वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार सम्मानित व्यक्ति थे। वे एकमात्र कवि हैं जिसकी दो रचनाएँ दो देशों का राष्ट्रगान बनीं – भारत का राष्ट्र–गान 'जन गण मन' और बाँग्लादेश का राष्ट्रीय गान 'आमार सोनार बांग्ला।ॽ रवींद्रनाथ टैगोर भारत के दूसरे व्यक्ति थे जिन्होंने विश्व धर्म संसद को दो बार संबोधित किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद रहें।

## राजनीतिक षड्यंत्र के तहत निर्दोष को फसाने की हो रही है साजिश : मो कयूम

### महेंद्र यादव की मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





कयूम एवं दशरथ यादव

पिछले सोमवार को बिजैया निवासी महेंद्र यादव की मौत के मामले में सात लोगो के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के मामले आरोपी बनाए गए कई समाजसेवियों ने इसे रा. जनीतिक साजिश बताया है। पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने आरोपी बनाए जाने के मामले में कहा की महेंद्र यादव की मौत कुंवा में डूबने से हुई है। महेंद्र यादव कुंवा में कैसे गिरे, कुंआ तक कैसे पहुंचे, इसकी जांच होनी चाहिए। लेकिन पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर झूठा इल्जाम लगाना सही नही है। समाजसेवी मो कयूम ने कहा की महेंद्र यादव की मौत दुखद है। मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन जिस तरह षड्यंत्र रचकर राजनीतिक साजिश के तहत उन्हें आरोपी बनाया गया है। यह गलत है। मै हमेशा सत्य और अहिंसा का पक्षधर रहा हूं। महेंद्र यादव की मौत की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। हम सब जांच के लिए तैयार हैं। उन्होंने प्रशासन से
मांग किया की इस मामले की पूरी गहराई से जांच हो। जांच में पता चल जायेगा की महेंद्र यादव की हत्या हुई है या उन्होंने प्रताड़ना से तंग आकर खुद जान दे दी है। कहा मुझे पुलिस प्रशासन पर पूरा भरोसा है। हम लोग पुलिस प्रशासन को हर तरह की जांच में सहयोग करने को तैयार हैं। मुझे उम्मीद है की बहुत जल्द दूध का दूध और पानी का पानी वाली कहावत चरितार्थ हो जायेगी।

APEM LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरवां में निकाली गई भव्य कलश यात्राशामिल हुए विधायक व पूर्व विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड बरकट्ठा क्षेत्र के ग्राम बरवां में भगीरथ प्रसाद मंडल एंव गायत्री देवी के द्वारा श्री श्री 108 श्री मारुतिनन्दन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हेतु भव्य कलशयात्रा निकाली गई । कलशयात्रा में विधायक अमित कुमार यादव एंव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सम्मलित हुए। कलशयात्रा में 251 कलशयात्री गाजे बाजे के साथ यज्ञ मंडप से कलश लेकर बरवां गांव का भ्रमण करते हुए बरसोती नदी उत्तरवाहिनी से मंत्रोचारण वा पुजा पाठ के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप पहुंची। मौके पर प्रमुख रेणु देवी, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मणिलाल चौधरी शिक्षक यमुना प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, शंकर प्रसाद, संतोष कुमार देव, दीपक कुमार, युगेश्वर प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, साहेब कुमार, राजदीप प्रसाद, रो. हित प्रसाद, संतोष देव, रीतलाल प्रसाद, छोटू महतो, रामलखन प्रसाद, अशोक मंडल मुख्य पुजारी विन्देश्वर पांडेय,शंकर पांडेय समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उप. स्थित थे।

## दनुवा घाटी में दुर्घटनाओं का दौर जारी, दो दुर्घटना, छः वाहन टकराये





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

दनुआ घाटी में लगातार सडक दुर्घटना का दौर जारी है। लाख कोशिशों के बा. वजूद भी घाटी में दुर्घटना रुकने का नाम नही ले रहा है। मंगलवार को भी दो भिन्न दुर्घटना में छः वाहन आपस में टकरा गये। इसमें जान की क्षति तो नहीं हुई परंतु वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ लोगों को आंशिक चोटें भी आईं। पहली दुर्घटना में सेंट्रो कार नंबर डीएल 3 सीएटी 1044 ,कोयला लदा ट्रक नंबर बीआर 44 पी 9207 तथा एक अन्य वाहन टकरा गये। वाहनों के टकराने के बाद जीटी रोड का एक लेन पूरी तरह से जाम हो गया। बडी मुश्किल से पुलिस ने एक लेन से वाहनों का परिच. ालन जारी रखा। इसी बीच घाटी क्षेत्र के महानेटांड में ही एक कंटेनर ने स्कार्पियो और बोलेनो कार में टक्कर मार दी। इसके बाद वाहनों के परिचालन को ठीक करने में पुलिस को बडी मेहनत करनी पड़ी। बताते चलें कि दनुआ घाटी दुर्घटना का पर्याय बन चुका है।

## बालू घाट को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में बैठक, निधारित बालू घाट से बालू उठाव करें, अन्यथा होगी कानूनी कार्रवाई

**अपेम लाइव लातेहार**
**मो रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहाररुमहुआड ांड़ अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में महुआडांड़ व गारू प्रखंड के सभी बालू घाट संचा. लित को लेकर बालू समितियों के साथ बैठक किया गया। जिसमें गारू प्रखंड से रूद व समोधटोला बालू घाट महुआडांड़ प्रखंड से सेम. रबुढ़नी, अक्सी, सरनाडीह, लोध व सेमरबुढ़नी बोलता बालू घाट से बालू उठाव का निर्देश दिया। एसडीओ ने बताया कि बालू घाट संचालन से संबंधित सरकार द्वारा निर्दशों विस्तृत चर्चा तथा निर्देश दिया कि सरकार के दिशा के अनुरूप बालू घाट से बालू उठाव करें। पुल से 250 मीटर व पुलिया से 500 मीटर के परिधि से बालू उठाव करना मना है। सभी बालू घाट पर बालू उठाव से संबंधित साईन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। निधारित बालू घाट के अलावे दुसरे जगह से बालू उठाव करने पर कानूनी कार्रवाई होगी। 10 जुन से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव कार्य पूरी तरह से बंद रहेगी। बैठक में गारू सीओ शुम्भ राम, महुआडांड़ सीओ अमरेग डांग, कार्यालय अधीक्षक बज्रकिशोर तिवारी, अंचल निरिक्षक गौतम कुमार, सभी राजस्व कमी व जनप्रतिनिधि उपस्थित

## बड़कागांव गोली कांड में संलिप्त अपराधियों का उद्भेदन जल्द की जाएगी : पुलिस अधीक्षक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बड़कागांव की घटना पर कहा कि बड़कागांव में गोली चली है जिसमें ऋत्विक कंपनी जो चट्टी बारियातू में कार्य कर रही है उसके एक पदाधिक. ारी को एंव झारखंड पुलिस के जवान हजारीबाग जिला द्वारा दिया गया बॉडीगार्ड को भी गोली लगा है। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बड़कागांव सहित हजारीबाग जिले के आ. सपास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसका पुलिस टीम के द्वारा अनुसंधान की जा रही है। गोलीकांड में संलिप्त अपराधियों का उद्भेदन जल्द ही की जाएगी उक्त मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी है।

